# केन्द्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग

## संकलित परीक्षा 2 2015–2016

कक्षा - IX

विषय:- हिंदी (पाठ्यक्रम-अ)

समय- 3 घंटे ] [पूर्णांक :- 90

निर्देश - 1. प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क,ख,ग और घ

2. चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं |

3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दें|

**खंड-क**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गये प्रश्नों के सही उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए| 1X5

जिंदगी को ठीक से जीना हमेशा ही जोखिम झेलना है और जो आदमी सकुशल जीने के लिए जीवन का हर जगह पर एक घेरा डालता है, वह अंततः अपने ही घेरों के बीच कैद हो जाता है और जिंदगी का कोई मजा उसे नहीं मिल पता ; क्योकि जोखिम से बचने की कोशिश में असल में उसने जिन्दगी को आने से रोक रखा है| जिंदगी से अंत में उतना ही पाते हैं जितनी की उसमें पूंजी लगाते हैं| यह पूंजी लगाना जिंदगी के संकटों का सामना करना है | उसके उस पन्ने को पलट कर पढना है, जिसके सभी अक्षर फूलों से नहीं काँटों से लिखे गये हैं |जिन्दगी का भेद कुछ उसे ही मालूम है जो यह जानकर चलता है कि जिन्दगी कभी भी ख़त्म न होने वाली चीज है | अरे! ओ जीवन के साधकों! अगर किनारों की मरी हुई सीपियों से तुम्हें संतोष हो जाये तो समुद्र की गहराई में छिपे मोती के खजाने को कौन बाहर लायेगा ? कामना का आँचल छोटा मत करो, जिन्दगी के फूल को दोनों हाथों से दबाकर निचोड़ों, रस की निर्झरी तुम्हारे बहाए ही बह सकती है|

**प्रश्न**

1. सकुशल जीने का इच्छुक व्यक्ति

(क) सीमित परिवेश एवं घेरे में जीकर सुखी रहता है

(ख) विस्तृत परिवेश बनता है

(ग) स्वयं नहीं सोचता, जहाँ जैसा मिले रह लेता है

(घ) जीवन ईश्वर पर छोड़ देता है|

2. फूल और कांटे प्रतीक हैं

(क) आसानी से जीवन जीने के लिए (ख) फूलों के हार एवं माला के

(ग) सुख एवं दुःख के (घ) संघर्ष एवं मौज मस्ती के

3. जीवन के साधक को प्रेरणा दी गयी है कि वह

(क) परिश्रम करे (ख) जो कुछ मिले उसी में संतुष्ट हो जाए

(ग) आसानी से प्राप्ति की धुन छोड़कर श्रम और संघर्ष का मार्ग अपनाये

(घ) अपने सीमित परिवेश में जीवन यापन करें |

4. लेखक के अनुसार जिन्दगी होती है

(क) जोखिम झेलना (ख) नश्वरता का खेलता

(ग) अनंत और कभी न मिटने वाली चीज़

(घ) मौज-मस्ती का दृश्य

5. 'कामना का आँचल छोटा न करना' का आशय है|

(क) उच्च कोटि की क्षेष्ठ कामनाएं करना |

(ख) जो मिल जाये उसी में खुश रहना

(ग) सोच समझ कर कम करना

(घ) अभिलाषाओं के अनुसार जीना|

**2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गये प्रश्नों के सही उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए| 1X5=5**

शैशव के सुन्दर प्रभाव का, मैंने नव विकास देखा |
यौवन की मादक लाली में, जीवन का हुलास देखा |
जीवन में न निराशा मुझको, कभी रुलाने को आई |
जग झूठा है यह विरक्ति भी, नही सिखाने को आई |
अरिदल की पहचान कराने, नहीं घृणा आने पाई |
नहीं अशांति हृदय तक, अपनी भीषणता लाने पाई|

मैंने सदा किया है, सबसे मधुर प्रेम का ही व्यवहार |
विनिमय में पाया सदैव ही,कोमल अन्तस्तल का ब्यार|
मैं हूँ प्रेममयी, जग दिखता मुझे प्रेम का पारावार|
भरा प्रेम से मेरा जीवन, लुटा रहा है निर्मल प्यार|
मैं न कभी रोई जीवन में, रोता दिखा न यह संसार |
मृदुल प्रेम के ही गिरते हैं, आँखों से मोती दो चार|

**प्रश्न**

1. 'शैशव के सुन्दर प्रभात' से लेखिका का आशय है

(क) बुढ़ापे से (ख) यौवन से

(ग) बचपन से (घ) ये सभी

2. कौन सी विरक्ति लेखिका नहीं सिख पाई?

(क) यौवन की मादक लाली (ख) अरिदल की पहचान

(ग) अशांत ह्रदय (घ) जग झूठा है |

3. 'मैं हूँ प्रेम मयी' जग दिखता मुझे प्रेम का पारावार', पंक्ति से क्या आशय है

(क) मुझे प्रेम का पारा चढ़ा हुआ प्रतीत होता है|

(ख) मुझमें प्रेम है,इसलिए सम्पूर्ण संसार प्रेममय दिखता है

(ग) जग मुझे प्रेम की पराकाष्ठा दिखाता है |

(घ) उपरोक्त सभी |

4. 'अरिदल' का अर्थ है|

(क) भौरों का झुण्ड (ख) शत्रुसेना

(ग) शत्रु राजा (घ) इनमें से कोई नहीं |

5. 'प्रभात का विलोम है'

(क) सुबह (ख) दोपहर

(ग)अपराह्न् (घ) संध्या

**3. मुक्त पाठ सामग्री के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 5X2=2**

(क) समाज के लिए महिला सशक्तिकरण क्यों आवश्यक है?

(ख) समाज में लड़कियों के हालत सुधारने के लिए आप अपने सुझाव लिखें |

अथवा

(क) पर्यावरण संरक्षणके उपायों पर प्रकाश डालिए|

(ख) पर्यावरण संरक्षण से आप क्या समझते हैं? राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किये गये प्रयासों के बारे में लिखिए |

## खंड-ख

**4. निर्देशानुसार उत्तर दीजिये:** **1x4=4**

(क) 'उप' उपसर्ग का प्रयोग करके दो शब्द बनाइये|

(ख) 'पराजय' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द को स्पष्ट कीजिये |

(ग) 'पन' प्रत्यय जोड़कर दो शब्द बनाइए |

(घ) 'स्वाभिमानी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय बनाइये|

**5. निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह कर समास का भेद लिखिए |** **1x3=3**

(क) गुणहीन

(ख) निडर

(ग) त्रिभुवन

**6. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार दीजियें|** **1x4=4**

(क) वाह! कितना सुंदर उपवन है| (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखें|

(ख) सुमन रोज मंदिर जाती है | (प्रश्नवाचक वाक्य में बदलें )

(ग) क्या वह इतना नालायक है | (विधानवाचक वाक्य में बदलें)

(घ) दुआ है कि वह कक्षा में प्रथम आये| (अर्थ की दृष्टि से वाक्य लिखें)

**7. निम्नलिखित काव्यांशों में निहित अलंकार का नाम लिखिए |** **1x4=4**

(क) तु मोहन के उर बसी हवै उरबसी समान |

(ख) पीपर पात सरिस मन डोला|

(ग) विज्ञान यान पर चढ़ी सभ्यता डूबने जाती है|

(घ) तब तो बढ़ता समय शिला-सा जम जायेगा|

## खंड-ग

**8. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये|** **1+2+2=5**

तुम फोटो का महत्व नहीं समझते|समझते होते तो किसी से फोटो खिचानेके लिये जूते मांग लेते| लोग तो मांगे गये कोट से वर- दिखाई करते हैं | और मांगे की मोटर से बारात निकालते हैं| फोटो खिचवाने के लिए बीवी तक मांग ली जाती है., तुमसे जूते ही मांगते नहीं बने| तुम फोटो का महत्व नहीं जानते | लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिचाते है| जिस से फोटो में खुशबू आ जाये | गंदे-से-गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है|

(क) 'तुम' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

(ख) लोग फोटो खिंचवाने के लिए क्या-क्या उधार मांग लेते है और क्यों?

(ग) प्रेमचंद फोटो का महत्व क्यों नही समझते?

**अथवा**

आज से कई वर्ष पहले गुरुदेव के मन में आया कि शांति निकेतन को छोड़कर कहीं अन्यत्र जाएँ |स्वास्थ्य बहुत अच्छा नही था | शायद इसलिए या पता नही क्यों, तय किया की वे श्रीनिकेतन के पुराने तिमंजिले मकान में कुछ दिन रहें | शायद मौज में आकर ही उन्होंने यह निर्णय किया हो | वे सबसे ऊपर के तल्ले में रहने लगे |उन दिनों ऊपर तक पहुँचने के लिए लोहे की चक्करदार सीढियाँ थी, और वृद्ध और क्षीणवपु रवींद्रनाथ के लिये उस पर चढ़ सकना असंभव था | फिर भी बड़ी कठिनाई से उन्हें वहाँ ले जाया सका |

(क) 'गुरुदेव' शब्द किसके लिए आया है?

(ख) शांतिनिकेतन छोड़कर गुरुदेव अन्यत्र कहाँ और क्यों जाने के लिए सोचा?

(ग) गुरुदेव को कहाँ ले जाना कठिन था और क्यों?

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिये - 2x5=10**

(क) सर टॉमस 'हे' के मैना पर दया भाव के क्या कारण थे?

(ख) 'प्रेमचंद को दिखावा करना नही आता था' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है?

(ग) लेखिका ने अपने माँ के व्यक्तितत्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है? 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर बताइए |

(घ) 'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिये कि पशुओं में भी मानवीय संवेदना होती है |

(ङ) बालिका मैना के व्यक्तितत्व का वर्णन कीजिये |

**10. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये- 2+1+2=5**

क्या अंतरीक्ष में गिर गयी है सारी गेंदे
क्या दीमको ने खा लिया है
क्या रंग-बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गये हैं सारे खिलौने
क्या किसी भूकंप में ढह गयी है
सारे मदरसों की इमारतें
क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घर के आँगन
ख़त्म हो गये एकाएक

(क) काम पर जाते बच्चों को देखकर कवि के मन में क्या-क्या प्रश्न उठते है?

(ख) इससे कवि के किस भावना का पता चलता है?

(ग) कवि समाज और सरकार से क्या उपेक्षा करता है?

**अथवा**

बूढ़े पीपल ने आगे बढकर जुहार की,
'बरस बाद सुधि लीन्ही' -
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के |
मेघ आये बड़े बन-ठन के संवर के |

(क) 'बरस बाद सुधि लीन्ही' - किसने कहा व क्यों?

(ख) काव्यांश से मानवीकरण अलंकार का एक उदहारण ढूंढकर लिखिए |

(ग) ताल के आनंदित होने का कारण स्पष्ट कीजिये |

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए| 2X5=10**

(क) 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता में निहित उद्द्येश्य पर प्रकाश डालिए |

(ख) माँ के समय और वर्तमान परिस्थितियों की तुलना करें और अंतर स्पष्ट करें |

(ग) बगुला जल में शांत भाव से क्यों खड़ा रहता हैं?

(घ) 'गांठ खुलना' मुहावरे का प्रयोग कवि ने कविता 'मेघ आये' में किस अर्थ में किया हैं ?

(ड.) सरोवर के किनारे पड़े पत्थर कवि के मन में क्या भव जाग्रत करते हैं?

**12. हमारे किन किन प्रयासों से समाज में महिलाओं को सम्मान तथा महत्त्व मिल सकता है? 5**

**अथवा**

**लेखक ने बच्चन के व्यक्तित्व के किन किन रूपों को उभारा है? उदाहरण सहित लिखें|**

**खंड-घ**

**13. किसी एक विषय पर दिए गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर 200-250 शब्दों में निबंध लिखें| 10**

**बेरोजगारी की समस्या**

**(संकेत बिंदु :- प्रस्तावना, बेरोजगारी का अर्थ, कारण, कम करने के उपाय, बेरोजगारी के दुष्प्रभाव, उपसंहार)**

**अथवा**

**शिक्षा का गिरता स्तर**

**(संकेत बिंदु:- शिक्षा का उद्देश्य, वर्तमान शिक्षा प्रणाली, पुस्तकीय ज्ञान, नैतिक शिक्षा का अभाव, प्रभाव )**

**14. अपने विद्यालय के प्राचार्य को फीस माफ़ करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए| 5**

**अथवा**

**परीक्षा में असफल हुए मित्र को पुन: अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए पत्र लिखिए|**

**15. आपके विद्यालय में खेल दिवस मनाया गया उस पर प्रतिवेदन तैयार कीजिये| 5**

**अथवा**

**आपके नगर में गाँधी जयंती बड़े धूम-धाम से मनाई गई | आप उस पर प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिये |**

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग

## संकलित परीक्षा 2 2015–2016

### अंक प्रारूप

### कक्षा - IX

| प्रश्न सं. | पाठ | बहु-विकल्पीय | लघु-उत्तरीय | दीर्घ-उत्तरीय | कुल-योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अपठित गद्यांश | 1X5 | | | 5 |
| 2. | अपठित पद्यांश | 1X5 | | | 5 |
| 3. | मुक्त पाठ | | | 5X2 | 10 |
| 4. | व्याकरण-उपसर्ग-प्रत्यय | | 1X4 | | 4 |
| 5. | समास | | 1X3 | | 3 |
| 6. | वाक्य | | 1X4 | | 4 |
| 7. | अलंकार | | 1X4 | | 4 |
| 8. | पठित गद्यांश | | 1+2+2 | | 5 |
| 9. | प्रश्नोत्तर | | 2X5 | | 10 |
| 10. | पठित काव्यांश | | 2+1+2 | | 5 |
| 11. | प्रश्नोत्तर | | 2X5 | | 10 |
| 12. | मूल्यपरक प्रश्न | | | 5X1 | 5 |
| 13. | निबंध | | | 10X1 | 10 |
| 14. | पत्र | | | 5X1 | 5 |
| 15. | प्रतिवेदन | | | 5X1 | 5 |
| | कुल | 10 | 45 | 35 | 90 |

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग

## संकलित परीक्षा 2 2015–2016

**कक्षा- IX**

**विषय-हिंदी 'अ'**

**अंक - योजना**

**उत्तर-निर्देशिका**

**प्रश्न 1.** (i)क (ii)ग (iii)ग (iv)ग (v)क 1x5

**2.**(i)ग (ii)घ (iii)ख (iv)ख (v)घ 1x5

**3.** मुक्त पाठ्य-सामग्री के अनुरूप अपनी भाषा में दिए गये उत्तर अंक प्राप्ति के योग्य होगें| 5x2

**4.** (क) उपकार,उपयोग| 1X4

(ख) परा(उपसर्ग) जय(मूल शब्द)

(ग)लड़कपन, बचपन |

(घ) ई|

**5.**(क) गुण से हीन- अपादान तत्पुरुष समास | 1x3=3

(ख) बिना डर के- अव्ययीभाव समास|

(ग) तीन भुवनों का समूह- द्विगु समास|

**6.** (क) विस्मयादिवाचक वाक्य 1x4=4

(ख) क्या सुमन रोज मंदिर जाती है |

(ग) वह इतना नालायक है|

(घ) इच्छा वाचक वाक्य |

**7.** (क) यमक अलंकार (ख) अनुपास अलंकार/उपमा 1x4=4

(ग) रूपक अलंकार (घ) उपमा अलंकर

**8.** गद्यांश के आधार पर दिए गये सटीक उत्तर पर पूरे अंक दिए जायें| 1+2+2=5

**9.**पाठ क आधार पर दिए गये सटीक उत्तर पर पूरे अंक दिए जायेंगे | 2x5

**10.**काव्यांश के आधार पर दिए गये सटीक उत्तर अंक प्राप्ति योग्य होगें| 2+1+2=5

**11.** पाठ के आधार पर दिए गये उत्तर सटीक माने जायेंगे | 2x5

**12.**पाठ के आधार पर दिए गये उत्तर सटीक माने जायेंगे| 5

**13.** संकेत बिन्दुओं के आधार पर लिखे गये विचार अंक प्राप्ति योग्य होगें | 10

**14.** औपचारिक एवं अनौपचारिक प्रारूप के अनुरूप लिखे गये पत्र के आधार पर अंक दिए जायेंगे| 5

**15.**घटनाओं के तथ्यात्मक एवं क्रमानुसार वर्णन के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा |5

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग

## संकलित परीक्षा 2          2015–2016

**त्रुटि विश्लेषण**

**कक्षा IX**

**हिंदी**

**नाम -**          **खंड-**          **क्रमांक-**

| **प्रश्न सं.** | **विषय-वस्तु** | **पूर्णांक** | **प्राप्तांक** | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अपठित गद्यांश | 5 | | |
| 2. | अपठित पद्यांश | 5 | | |
| 3. | मुक्त पाठ | 10 | | |
| 4. | व्याकरण-उपसर्ग-प्रत्यय | 4 | | |
| 5. | समास | 3 | | |
| 6. | वाक्य | 4 | | |
| 7. | अलंकार | 4 | | |
| 8. | पठित गद्यांश | 5 | | |
| 9. | प्रश्नोत्तर | 10 | | |
| 10. | पठित काव्यांश | 5 | | |
| 11. | प्रश्नोत्तर | 10 | | |
| 12. | मूल्यपरक प्रश्न | 5 | | |
| 13. | निबंध | 10 | | |
| 14. | पत्र | 5 | | |
| 15. | प्रतिवेदन | 5 | | |
| | कुल | 90 | | |

**परीक्षक का हस्ताक्षर**